एस० एस० जैन सुबोध महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय

एयरपोर्ट रोड़, सांगानेर जयपुर-302011

फोन नं0 0141-2794216, 2794217, 2791864
website: www.subodhttcollege.com email: subodhttcollegejaipur@yahoo.com

## समय-सारणी की रिपोर्ट

महाविद्यालय में संचालित बी.एड., एम.एड. बी.ए./बी.एससी. बी.एड.पाठ्यकमों को सुचारू रूप से संपादित कराने हेतु समय-सारणी समिति द्वारा कक्षावार प्रभारी नियुक्त कर, समय-सारणी व्याख्याताओं से शिक्षण हेतु विषय विकल्प प्राप्ति के आधार पर तैयार करवायी गई। समय-सारणी में कालांशों की व्यवस्था इस प्रकार की गई कि एक व्याख्याता के एक कक्षा में कालांश दूसरी कक्षा में उनके कालांश के समय से भिन्न हो। दो कक्षाओं में पढ़ाये जाने वाले समान विषयों की कक्षा एक साथ लगायी गई जाए जिससे विद्यार्थी समान रूप से लाभान्वित हो सके। इससे समय व ऊर्जा की बचत व दो कक्षाओं के विद्यार्थियों में वैचारिक सहसंबंध स्थापित हो सके। समय-सारणी में शैक्षिक व सह-शैक्षिक गतिविधियों को उचित भार दिया गया।

नेक से संबंधित कार्य हेतु बनाई गई कमेटी में कार्यरत सदस्यों को कार्य हेतु अतिरिक्त समय प्रदान करने हेतु उनके शिक्षण कार्य भार में कमी की गई ताकि गुणवत्ता पूर्ण कार्य हो सके। संशोधन पश्चात् नई समय-सारणी जारी की गई। कोरोना महामारी को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाईन कक्षाओं की व्यवस्था की गई ।

**IQAC** समन्वयक
डॉ.रेणु अरोड़ा

प्राचार्य
डॉ. यदु शर्मा

एस० एस० जैन सुबोध महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय

एयरपोर्ट रोड़, सांगानेर जयपुर-302011

फोन नं0 0141-2794216, 2794217, 2791864

website: www.subodhttcollege.com email: subodhttcollegejaipur@yahoo.com

**इन्टर्नशिप कार्यकम रिपोर्ट**

राजस्थान विश्वविद्यालय के बी.एड. पाठ्यक्रम के अंतर्गत इन्टर्नशिप कार्यकम रखा गया है जिसमें बी.एड. प्रथम वर्ष 24 दिवस व बी.एड. द्वितीय वर्ष हेतु 96 दिवस की इन्टर्नशिप छात्राओं द्वारा की जाती है। इन्टर्नशिप का आयोजन राज्य सरकार द्वारा आंवटित विद्यालयों में शिक्षण कार्य के माध्यम से पूर्ण किया जाता है। इस कार्यकम को विधिवत् रूप में व समय पर पूर्ण कराने के उद्देश्यों से 2-3 व्याख्याताओं को समूह में यह कार्यभार दिया गया। इस कार्य हेतु इन्टर्नशिप समिति ने सर्वप्रथम छात्राओं का शाला दर्पण पर रजिस्ट्रेशन किया तथा पोर्टल खुलने पर प्रत्येक छात्रा से 15 विद्यालयों की चॉइस (चयन) भरने हेतु निरन्तर सम्पर्क बनाये रखा। सम्बन्धित समिति सदस्य समय-समय पर छात्राओं को महत्वपूर्ण सूचनाएं प्रषित करते रहे। जैसे ही छात्राओं को इन्टर्नशिप हेतु विद्यालय आंवटित हुए तब सभी छात्राओं को पुनः सूचित किया कि वे आंवटन पत्र कि एक प्रति कम्प्यूटर से निकालकर उसकी एक प्रति महाविद्यालय में जमा कराएं तथा महाविद्यालय से रिलीव होने के 15 दिन के अंदर विद्यालय में उपस्थित हो, इस बात की जानकारी भी छात्राओं को दी गई। इन्टर्नशिप पूरी होने के बाद प्रत्येक छात्रा के इन्टर्नशिप पूर्णता प्रमाणपत्र को प्राप्त कर सभी दस्तावेजों की फाइल मय सूची तैयार की गई।

डॉ.रेणु अरोड़ा

**IQAC समन्वयक**

डॉ. यदु शर्मा

प्राचार्या

**एस॰ एस॰ जैन सुबोध महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय**

**एयरपोर्ट रोड़, सांगानेर जयपुर-302011**

फोन नं0 0141-2794216, 2794217, 2791864

website: www.subodhttcollege.com email: subodhttcollegejaipur@yahoo.com

**कमेटी व क्लब की वार्षिक गतिविधि रिपोर्ट**

महाविद्यालय मे वर्ष पर्यन्त अनेक शैक्षणिक व सह शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। सभी गतिविधियां समय-सारणीनुसार व्यवस्थित रूप से संपन्न हो इसके लिए सत्रारम्भ में विभिन्न क्लब व समितियां बनाई जाती है। शैक्षणिक गतिविधियों अभिविन्यास कार्यक्रम, अभिप्रेरण कार्यकम, व्याख्याता विकास कौशल कार्यकम, विद्यार्थी विकास कौशल कार्यकम, सूक्ष्म शिक्षण, दैनिक पाठ योजना, पाठ्यक्रम का इकाईवार ब्यौरा व परीक्षा कालांश व्यवस्था, सत्रीय कार्य शिक्षण विधियां, दैनिक पाठ योजना व समालोचना पाठ योजना आदि। वार्षिक, विषववस्तु परीक्षा, आंतरिक मूल्यांकन, सह-शैक्षिक गतिविधियों में- वेबीनार, सेमीनार, कार्यशाला, इन्टर्नशिप, समाजोपयागी कैम्प, अंतरमहाविद्यालयी प्रतियोगिता, प्रतिभा खोज कार्यक्रम, विभिन्न पर्व व दिवसों का आयोजन उपरोक्त कार्यो हेतु महाविद्यालय में विभिन्न क्लब, ईकोफ्रेंडली, आर्टक्लब, भाषा क्लब, मानव संवेदना क्लब, आनन्दम क्लब, NSS/RRC क्लब, विद्यार्थी / व्याख्याता एल्यूमिनाई वेलफेयर क्लब तथा नारी शक्ति क्लब बने हुए है जो संबंधित गतिविधियों में सक्रियता का साथ सहभागिता निभाकर कार्यो को बेहतर रूप में संपन्न करते है। विज्ञान क्लब की ओर से छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण व पर्यावरण संचेतना हेतु शैक्षिक भ्रमण कराये गयें। भाषा क्लब के द्वारा भाषायी कार्यशाला के माध्यम से छात्राओं की अभिव्यक्ति दक्षता व लेखन दक्षता को विकसित किया। आर्टक्लब की ओर से सृजनात्मक कार्यशाला का आयोजन किया जिसमें छात्राओं ने रंगों द्वारा अनेक सृजनात्मक कार्य किये तथा अनेक प्रकार की कलाएं सीखी।

| | |
|---|---|
| डॉ.रेणु अरोड़ा | डॉ. यदु शर्मा |
| **IQAC** समन्वयक | प्राचार्या |

**एस० एस० जैन सुबोध महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय**
**एयरपोर्ट रोड़, सांगानेर जयपुर-302011**
फोन नं0 0141-2794216, 2794217, 2791864
website: www.subodhttcollege.com email: subodhttcollegejaipur@yahoo.com

## प्रकाशन कार्य रिपोर्ट

महाविद्यालय में वर्ष भर प्रकाशित होनेवाली समस्त पत्रिकाओं, पत्रों के नियत समय पर प्रकाशन हेतु प्रकाशन समिति का गठन भी सत्रारम्भ में कर दिया गया। सर्वप्रथम समिति के सदस्यों द्वारा विभिन्न क्लब व समितियों द्वारा किये गये कार्यो का विवरण एकत्रित किया गया। सदस्यों द्वारा उसका रफ ड्राफ्ट तैयार कर उसकी प्रूफ रीडिंग की गयी और गहनता से उसकी जांच की गयी ताकि उसमें प्रकाशित सूचनाएं, आंकडें व्यवस्थित व सत्य हो। वर्ष 2020-21 हेतु महाविद्यालय में समय पर प्रोस्पेक्टस 'दिग्दर्शिका' का विमोचन किया जिसमें महाविद्यालय की विकास यात्रा, संचालित पाठ्यक्रमों एवं वर्ष पर्यन्त होने वाली समस्त गतिविधियों का विवरण सम्मिलित था। प्रकाशन की कड़ी में 'सुबोध सुरभि' विशषांक का प्रकाशन किया जिसमें महाविद्यालय के गत वर्षो के शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं की मयचित्र जानकारी व उपलब्धियों को दर्शाया गया। हमारी न्यूजलैटर का विमोचन भी पूर्व निर्धारित तिथि को किया गया। इस प्रकार प्रकाशन समिति द्वारा प्रकाशन संबंधित कार्यो को उद्देश्य तक पहुँचाया।

डॉ.रेणु अरोड़ा
**IQAC** समन्वयक

डॉ. यदु शर्मा
प्राचार्या

एस0 एस0 जैन सुबोध महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय
एयरपोर्ट रोड़, सांगानेर जयपुर–302029
फोन नं0 0141–2794216,2794217,2791864
website: www.subodhttcollege.com
email: subodhttcollegejaipur@yahoo.com

# आंतरिक मूल्यांकन रिपोर्ट

राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा एम.एड. तथा बी. एड. पाठ्यक्रम के तहत् मूल्यांकन प्रक्रिया को भागो में बांटा गया है। बाह्य मूल्यांकन व आंतरिक मूल्यांकन। आंतरिक मूल्यांकन के अंतर्गत वर्ष पर्यन्त विविध गतिविधियों तथा परीक्षाओं के माध्यम से छात्राओं की अर्जित योग्यता का मूल्यांकन किया गया है। आंतरिक मूल्यांकन में सूक्ष्म शिक्षण, कक्षा– परीक्षा मौखिक व लिखित इकाई परीक्षा, समालोचना पाठ, विषयवस्तु आधारित परीक्षा, साक्षात्कार, सत्रीय कार्य आदि के माध्यम से किया गया। कोरोना महामारी को दृष्टिगत रखते हुए विविध परीक्षा संबधी कार्यक्रम ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनो माध्यम पर रखे गये। छात्राओं को विभिन्न शिक्षण कौशलों में दक्षता विकसित करने हेतु सूक्ष्म शिक्षण कार्यशाला रखी गयी। व्याख्याताओं द्वारा इकाई पूर्ण होने पर इकाई–परख लिया गया। विषयवस्तु आधारित परीक्षा हेतु सभी छात्राओं को कक्षा 6 से 12 तक की पुस्तके पढने के निर्देश दिये गये तत्पश्चात् समय–सारणी निर्धारित कर उनकी परीक्षा ली गई। छात्राओं के विविध विषयों के सत्रीय कार्य को जांच कर उनका अंकन किया गया। अंतिम बाह्य प्रायोगिक परीक्षा की तैयारी हेतु समालोचना पाठ कराये गये। उपरोक्त कार्यो के द्वारा छात्राओं का आंतरिक मुल्यांकन किया गया है।

# एस0 एस0 जैन सुबोध महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय

## एयरपोर्ट रोड़, सांगानेर जयपुर–302029

फोन नं0 0141–2794216,2794217,2791864

website: www.subodhttcollege.com

email: subodhttcollegejaipur@yahoo.com


## रिपोर्ट / प्रतिवेदन

दिंनाक 07 / 07 / 2020 को प्रातः 11:30 बजे प्राचार्या कक्ष में IQAC मीटिंग का आयोजन किया गया। इस मीटिंग की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. यदु शर्मा द्वारा की गई। मीटिंग में वर्ष पर्यन्त होने वाली शैक्षणिक व सहशैक्षणिक गतिविधियों को सुव्यवस्थित एवं समय पर पूर्ण करने के लिए एकेडमिक कलेण्डर निर्माण के लिए सत्रारम्भ में समिति का गठन किया गया। सम्पूर्ण गतिविधियों की शत–प्रतिशत सफलता हेतु इसे दो भागों में वर्गीकृत किया गया।

1. शैक्षणिक गतिविधि कलेण्डर
2. सह शैक्षणिक गतिविधि कलेण्डर

1.शैक्षणिक कलेण्डर के अन्तर्गत वर्ष पर्यन्त शिक्षण कराए जाने वाले पाठ्यक्रम की इकाईयों को पूर्ण कराने हेतु माहवार समय का नियोजन किया गया। जिससे पाठ्यक्रम समय से पूर्ण हो सके साथ ही छात्राओं की सुविधा आनॅलाइन व ऑफलाइन दोनो रूपों में शिक्षण व्यवस्था कर उन्हें ई–नोट्स उपलब्ध कराए गए।

छात्राध्यापिकाओं के पूर्व ज्ञान की जांच हेतु प्रति वर्ष की भांति विषयवस्तु आधारित परीक्षा का आयोजन किया गया। अधिगम जांच हेतु इकाई परीक्षा ली गई। शैक्षिक गुणवत्ता हेतु शिक्षण को नवाचार आधारित शिक्षण विधियों से जोडा गया और शैक्षिक भ्रमण का आयोजन भी किया गया। शिक्षक प्रशिक्षण के सम्पूर्ण क्रियात्मक कार्यो (सूक्ष्म शिक्षण,समालोचना पाठ, वार्षिक पाठ योजना आदि का गहन अभ्यास कराया गया। छात्राओं की ज्ञान वृद्धि हेतु समय–समय पर Induction,SDP,Orientation आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए।

2. सह–शैक्षणिक गतिविधियों के अन्तर्गत छात्राओं की प्रतिभाओं के प्रकाशन हेतु प्रतिभा खोज कार्यक्रम, समाजपयोगी कैम्प, अन्तर्सदनीय व अन्तर्महाविद्यालयी प्रतियोगिता, फ्रैशर्स, वार्षिकोत्सव, विभिन्न प्रकार की कार्यशालाएं, सेमीनार व दिवसों पर उनकी कार्यक्षमता व दक्षता के अनुरूप कार्य किया गया।